श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
06.02.2026
पौष कृष्णपक्ष पंचमी संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 167


**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:35 बजे
अस्त - 05:43 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 13 डिग्री से.


# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...





डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com



अभ्यर्थियों के लिये व्यय लेखा पंजी प्रशिक्षण 9 से >> पेज 03
दिशा पाटनी के साथ रिश्ते की खबर... >> पेज 05


## सुविचार

जिस दुनिया की आपने चाहत की है, उसे जीता जा सकता है, वह मौजूद है, वह वास्तविक है, वह संभव है, वह आपकी है।

## न्यूज अपडेट्स

### पछुआ हवाओं के कारण नियंत्रण में तापमान

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पछुआ हवाओं के कारण तापमान नियंत्रण में है। तापमान नहीं बढ़ने से लोगों को दिन में लगनेवाली अनचाही गर्मी से राहत मिल रही है। बावजूद इसके अभी भी दिन में गर्म कपड़े पहनने से भारी गर्मी का एहसास हो रहा है। हालांकि इन दिनों सुबह और रात में भारी कनकनी महसूस हो रही है। मौसम विभाग में आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने शुक्रवार से राज्य भर में सुबह में हल्के दर्जे का कुहासा और बाद में मौसम साफ रहने की संभावना व्यक्त की है। गुरुवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान 31.8 डिग्री चाईबासा में और सबसे कम तापमान 9.7 डिग्री गुमला में रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मानसिक बादल छाए रहे और मध्यम दर्जे की ठंडी हवाएं चली। हवा चलने से दोपहर में भी अपेक्षित गर्मी महसूस नहीं हुई। वहीं, गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री और न्यूनतम 13.4 डिग्री, जमशेदपुर 30.1 डिग्री और 15.7 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 27.1 डिग्री और 11.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 29.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**कोडरमा** — झामुमो में शामिल हुए लोगों का स्वागत

# केंद्रीय बजट में झारखंड की हुई है उपेक्षा :मुख्यमंत्री



**कोडरमा।** राज्य के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को कोडरमा के लोकाई में कहा कि इस बार के केंद्रीय बजट में झारखंड की उपेक्षा की गयी है।

खनिज मामलों में धनी राज्य झारखंड यदि इन संसाधनों को दूसरे राज्यों में भेजने पर पांबदी लगा दे तो देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो जायेगी। सोरेन ने झामुमो में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि कोडरमा जिले में झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को आगे बढाते हुए एक और कड़ी जोड़ रही है। एक लंबे समय के बाद अलग अपना राज्य बना। 25वां साल का यह झारखंड प्रदेश बिहार के एक कोने में बसता था, नतीजा झारखंड प्रदेश कई मायनो में पिछड़ा रहता था। आजादी के लिए भारत देश को कितना संघर्ष करना पड़ा, वो आप सबको पता है। कितने लोग जेल गए, ना जाने कितने लोग देश के लिए कुरबान हो गए। ठीक उसी प्रकार जब ये भारत देश आजादी का सपना भी नहीं देखा था उससे कई वर्षों आगे से झारखंड में यहां के आदिवासी मूलवासी अंग्रेजों से लोहा लेते रहे। हजारीबाग जेल से लेकर झारखंड के हर कोने के जेल झारखंड के आंदोलनकारियों से भरा पड़ा था, तब ये राज्य मिला। यह ऐसा राज्य है जिसने सदियों से सिर्फ देने का काम किया। उन्होंने कहा कि कोयला, लोहा, अबरख सारा कुछ हम लोग दिया। हमारे खनिज संपदा से दिल्ली, मुंबई, गुजरात चमकता रहा। हम लोग अंधकार में गरीबी में रहने को मजबूर हुए और योजनाबद्ध तरीके से झारखंड को गरीब राज्य बनाने का काम किया गया। देश के आजाद होने के बाद कारखाने उद्योग लगे लेकिन दुर्भाग्य उसका लाभ हमारे झारखंड के भाइयों को नहीं मिला। झारखंड गरीब है वो इसलिए गरीब है कि और राज्यों को आगे बढ़ाना है। दिल्ली, मुंबई, गुजरात तो आगे बढ़ाना है तो वाहन चलाएगा कौन, सड़क, बिल्डिंग बनाएगा कौन, फैक्ट्री चलेगा तो उसको चलाएगा कौन। उसके लिए तो मजदूर चाहिए इसीलिए झारखंड बिहार को लोगों ने मजदूर बनाके छोड़ दिया। लेकिन अब झारखंड बदल रहा है, झारखंड को वैश्विक मंच पर पहुंचाने का काम किया, विदेश में यहां के नौजवान पढ़ाई कर रहे हैं। सोरेन ने यह भी कहा कि शालिनी गुप्ता के नेतृत्व में मजबूती मिलेगी। अब दो आंख और होगी और हम और अच्छे तरीके से कोडरमा को देख सकेंगे। इस दौरान राज्य के मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू, पार्टी नेता प्रणव वर्मा, पूर्व विधायक केदार हाजरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव के साथ पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय जबकि संचालन जिला सचिव पवन माइकल कुजूर ने किया।

### कोडरमा में दिखेगा बदलाव : सुदीव्य कुमार

राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि साल 2019 में विधानसभा के चुनाव में झारखंड की जनता ने हेमन्त सोरेन के साथ चलने का निर्णय किया। चाहे वह सर्वजन पेंशन योजना हो, चाहे वह सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना हो, चाहे वो मंईयां सम्मान हो। जब 2024 का चुनाव आया तो झारखंड के बड़े भूभाग में और झारखंड के ज्यादा इलाके से लोगों ने हेमन्त सोरेन के पीछे चलने का संकल्प लिया और आज देखकर यह खुशी हो रही है कि कोडरमा की जनता ने भी हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में करवट लेने का मन बना लिया है और अब यहां भी बदलाव दिखेगा। वहीं, झामुमो में शामिल होने के बाद अपने सम्बोधन में शालिनी गुप्ता ने कहा कि आज यहां नयी ऊर्जा और जुनून है, आज एक नई दिशा मिलने वाली है और हम सब लोगों ने जो 15 साल से लगातार संघर्ष किया, तपस्या की।

आज उसके नवीनीकरण का दिन है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में असम से आये एक मुख्यमंत्री ने कहा था कि झारखंड हमारा होगा। पर झारखंड उनका हुआ नहीं, लेकिन उन्हें मैं जरुर कहना चहती हूं कि झारखंड जिनका था, जिनसे है, उन्हीं का है और उन्हीं का रहेगा। कार्यक्रम के दौरान भीम साहू, बिरेन्द्र साहू, सूर्यदेव मोदी, प्रवीण चंद्रवंशी, दुर्गा शाही, आईडी राम, कल्याणी सिंह, शमशुल खान, बृजनंदन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री को पौधा देकर उपायुक्त ने किया स्वागत

कोडरमा आगमन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पौधा भेंट कर उपायुक्त ऋतुराज ने स्वागत किया। हेलीकॉप्टर से कोडरमा के जेजे कॉलेज पहुंचने पर पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। उनकी सुरक्षा और कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ऋतुराज के अलावा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त रवि जैन भी मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम स्थल पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव सहित झामुमो के कई अन्य नेता भी मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतिस्पर्द्धा में मेडल जीतनेवाले खिलाड़ियों को मिलेगी पेंशन




**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की गुरुवार को हुई बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गयी। इनमें से दो प्रस्तावों को कैबिनेट ने स्थगित कर दिया है। इनमें से एक प्रस्ताव 14 वीं जेपीएससी की परीक्षा में बैठनेवाले छात्रों को उम्र सीमा में छूट देने से संबंधित था। गुरुवार को कैबिनेट की बैठक से संबंधित फैसलों की ब्रीफिंग राज्य में हो रहे निकाय चुनाव के कारण लगे आचार संहिता के कारण नहीं की गई।

सूत्रों के अनुसार कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग ने उम्र सीमा में छूट के लिए अगस्त 2023 का प्रस्ताव दिया था। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से इस प्रस्ताव को स्थगित रखने की बात कही गई।

सूत्रों के अनुसार कितने वर्षों की उम्र सीमा में छूट दी जाए, इसे लेकर सरकार के शीर्ष स्तर पर अभी सहमति नहीं बनी है। इसीलिए प्रस्ताव को स्थगित कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि 11 वीं से 13 वीं जेपीएससी की परीक्षा में उम्र सीमा का कट ऑफ डेट अगस्त 2017 था।

छात्र 14 वीं जेपीएससी की परीक्षा में कट ऑफ डेट अगस्त 2018 की मांग कर रहे हैं। इस स्थिति में सरकार के लिए कट ऑफ डेट क्या रखा जाना चाहिए, इस पर फिर से विचार किया जाएगा। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को पेंशन देने के फैसले को नये सिरे से रिस्ट्रक्चर किया है। अब अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रत्येक महत्वपूर्ण खेल प्रतिस्पर्द्धा में मेडल जीतनेवाले खिलाड़ियों को पेंशन मिलेगा।

निर्णय के अनुसार राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड, ओलिंपिक में पदक जीनेवाले खिलाड़ियों को सरकार 20 हजार रुपये मासिक पेंशन देगी। इसी तरह वर्ल्ड कप, एशिएन गेम्स, सैफ से लेकर नेशनल गेम्स में पदक विजेताओं को क्रमानुसार 16 हजार से पांच हजार रुपये तक का पेंशन मिलेगी।

नेशनल गेम्स के पदक विजेताओं को सबसे कम पांच हजार रुपये पेंशन मिलेगा। जानकारी के अनुसार कार्य विभागों मसलन पेयजल स्वच्छता, जल संसाधन सहित अन्य विभागों को एकाउंटिंग और वर्क्स मैनेजमेंट में सेवा प्रदाता के रूप में सहायता देनेवाली सी-डैक कंपनी की सेवा विस्तार दी गयी है। इसी तरह जल संसाधन विभाग के तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मियों के 2727 पदों को कार्मिक को प्रत्यर्पित किया गया है। सिद्धो-कान्हो, कोल्हान और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के पदों को रिस्ट्रक्चर किया गया है।

## अनंत के गढ़ में भगवा लहराना भानू के लिये चुनौती

# छोटे से चुनाव में बड़ा खेला होने का अनुमान

**नीलू चौबे**

**श्री बंशीधर नगर :** नगर पंचायत चुनाव दलीय भले ही न हो लेकिन चुनाव में सफलता प्राप्त करने के लिये सत्ताधारी एवं विपक्षी दल एड़ी चोटी एक किये हुये हैं। श्री बंशीधर नगर में अध्यक्ष पद के लिये सत्तारूढ़ दल झामुमो-कांग्रेस-राजद समर्थित उम्मीदवार नहीं होने एवं विधायक अनंत प्रताप देव के अब तक साईलेंट रहने के कारण भाजपा एवं पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही के लिये चुनाव में जहां जीत का डंका बजाने का सुनहरा अवसर है वहीं कड़ी चुनौती भी है। यूं कहें तो विधायक अनंत के गढ़ में भगवा लहराने का मौका है। हालांकि अनंत अभी तक खामोश हैं लेकिन सधे हुये राजनीतिज्ञ हैं, उनकी खामोशी भी एक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। राजनीतिक प्रेक्षकों के मुताबिक श्री बंशीधर नगर शहरी क्षेत्र में नगर गढ़ परिवार खासकर विधायक अनंत प्रताप देव का मजबूत पकड़ माना जाता है। नगर गढ़ के बिना सहयोग एवं समर्थन के लोग किसी भी क्षेत्र में





सफलता नहीं प्राप्त कर सकते हैं। इस छोटे से चुनाव में अंतिम समय तक अनंत के इशारे पर बड़ा खेला होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बार श्री बंशीधर नगर सीट का चुनाव सामान्य महिला होने एवं दलीय नहीं होने के कारण बहुत ही रोमांचक हो गया है। अध्यक्ष पद के लिये नगर पंचायत की निवर्तमान अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी, भाजपा समर्थित प्रत्याशी रेखा गुप्ता, झामुमो नेत्री किरण देवी, भाजपा नेता राजू सिंह की पत्नी सुधा देवी, युवा समाज सेवी व झामुमो नेता महमूद आलम सीनियर की पत्नी शमीमा बानो, जदयू नेता रविप्रकाश उर्फ बबलू की पत्नी साधना देवी समेत एक दर्जन प्रत्याशी अब तक मैदान में हैं। निवर्तमान अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी समेत ग्यारह प्रत्याशी जहां अपने दम पर चुनाव मैदान में डटे हुये हैं और मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। वहीं भाजपा समर्थित प्रत्याशी रेखा गुप्ता के लिये भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही भी रेखा गुप्ता को विजयी बनाने के लिये अंदर खाने से रणनीति तैयार कर रहे हैं। भानू के लिये भी अनंत के गढ़ में रेखा गुप्ता को विजयी बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत के गठन के बाद हुये पहले और दलगत आधार पर हुये चुनाव के समय अनंत प्रताप देव भाजपा में थे, उन्होंने मेहनत कर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजयालक्ष्मी देवी को विजयश्री दिलाई थी। अब देखना यह है कि इस बार के चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा।

## कोयला कंपनियों को 183.85 अरब रुपये जमा करने की नोटिस

**धनबाद।** जिला खनन विभाग ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) मुगमा, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) चासनाला व टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिवीजन को राजस्व वसूली के लिए 183.85 अरब रुपए जमा करने का नोटिस भेजा है। नोटिस की तिथि से 15 दिन के अंदर रकम जमा करने का निर्देश दिया गया है। राशि जमा नहीं करने पर कंपनियों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दायर किया जाएगा। इसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि उपरोक्त खनन कंपनियों ने निर्धारित अनुमति से अधिक जगह से वर्ष 2000 से 2010 के बीच कोयले का उत्खनन किया। इसमें भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की 46, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल मुगमा) की 8, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) चासनाला की दो और टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिवीजन की 3 कोलियरियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में इन कोयला कंपनियों से करीब 183.85 अरब रुपये की वसूली की जाएगी। इसमें बीसीसीएल को चांच विक्टोरिया, गोविंदपुर एरिया, कतरास एरिया, सिजुआ एरिया, बरोरा एरिया, ब्लाक टू एरिया, कुसुंडा एरिया, पीबी एरिया, बस्ताकोला एरिया, लोदना एरिया, ईस्टर्न झरिया तथा वेस्टर्न झरिया की कोलियरी के लिए 17,337.87 करोड़ रुपये का भुगतान करना है। टाटा स्टील लिमिटेड झरिया डिवीजन को 385.19 करोड़ रुपए, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुगमा एरिया को 328.77 करोड़ रुपए तथा स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) चासनाला को 333.42 करोड़ रुपए का भुगतान करना है।

# सीयूजे के रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय में हुए हाजिर, प्रार्थी का पीएचडी में एडमिशन का आदेश




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को कोर्ट के आदेश पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड (सीयूजे) के रजिस्ट्रार हाजिर हुए। उन्होंने गलत शपथ पत्र पर कोर्ट से माफी मांगी, जिसे उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। लेकिन कोर्ट ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान में सीट खाली रखना नेचुरल रिसोर्सेज की बबार्दी है। इसका वे ख्याल रखें। कोर्ट ने रजिस्ट्रार को 3 सप्ताह के अंदर प्रार्थी अमित कुमार चौबे का पीएचडी के इंटरनेशनल रिलेशंस विभाग में नामांकन करने का आदेश दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अफसर रजा ने पक्ष रखा। उनकी ओर से उच्चतम न्यायालय और झारखंड उच्च न्यायालय के कई आदेशों का हवाला देते हुए कहा गया कि एजुकेशनल संस्थान में सीटों को कैरी फॉरवर्ड नहीं किया जा सकता है। मेधावी छात्र के रहने पर शैक्षणिक संस्थानों में सीट रिक्त नहीं रखी जा सकती है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

दरअसल यूनिवर्सिटी ने अपने 22 अगस्त 2025 के पूरक शपथ-पत्र में दावा किया था कि वर्ष 2023-24 सत्र में तीन ओबीसी सीटें खाली थीं, जो सामान्य वर्ग के उम्मीदवार को नहीं दी जा सकती थीं। इन्हें अगले सत्र में कैरी फॉरवार्ड कर दिया गया।

याचिकाकर्ता अमित कुमार चौबे ने इंटरनेशनल रिलेशंस विभाग में वर्ष 2023-24 सत्र के लिए पीएचडी सीटों पर प्रवेश नीति को चुनौती दी थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यूनिवर्सिटी के शपथ-पत्र को 'झूठा' बताते हुए प्रथम दृष्टया कोर्ट को गुमराह करना माना था और रजिस्ट्रार को तलब किया था, जिसके आलोक में वे अदालत के सामने हाजिर हुए।

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड सरकार के खजाने से हुए दस हजार करोड़ के गबन की हो उच्च स्तरीय जांच : बाबूलाल

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के खजाने से 10,000 करोड़ की राशि गायब होने की खबर पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि वित्त मंत्री की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वित्त सचिव द्वारा सभी विभागों के सचिवों की बैठक बुलाकर विस्तृत हिसाब लिया जाए, लेकिन वित्त सचिव की ओर से मंत्री के आदेश का पालन करने के बजाय फाइल को मुख्य सचिव के पास भेज दिया गया, जहां वह पिछले तीन महीनों से लंबित पड़ी है। आखिर सरकार जांच से क्यों कतरा रही है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तरह मुख्य सचिव भी जमीन घोटाले के आरोपों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में संदेह उठना स्वाभाविक है कि मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव की ओर से जानबूझकर मामले को दबाने या टालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव को यह स्पष्ट करना चाहिए कि तीन महीने से फाइल पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई और देरी के लिए कौन जिम्मेदार है? मरांडी ने कहा कि यह पूरा मामला गंभीर आर्थिक अपराध है। इसकी जांच होनी चाहिए कि यह राशि कहां गई, कहीं इसे निवेश के रूप में तो नहीं लगाया गया और क्या मुख्यमंत्री या मुख्य सचिव ने इससे कोई लाभ उठाया है?

## भ्रमण
### लोक उद्यान में उमड़ रही है लोगों की भीड़

# 37,976 लोगों ने किया उद्यान का दीदार

**रांची।** लोकभवन खुलने के चौथे दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और वहां का दीदार किया। बच्चे, बुर्जग, युवक, युवतियां और महिलाएं सभी लोकभवन के आकर्षक गुलाब, झूले, फाउंटेन, झरना और फलदार वृक्ष और औषधीय पेड़-पौधे के साथ मोबाइल से सेल्फी और तस्वीर लेते देखे गये। शहर के प्रमुख स्थलों में शामिल लोक भवन उद्यान इन दिनों पर्यटकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हरियाली, खुला माहौल और सुसज्जित परिसर की वजह से बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने और अवलोकन के लिए पहुंच रहे हैं।



गुरुवार को लोक भवन उद्यान में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली, जब एक ही दिन में करीब 37,976 सैलानी यहां पहुंचे। सुबह से ही लोक भवन परिसर में चहल-पहल शुरू हो गई थी। परिवारों के साथ आए लोग, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उद्यान की हरियाली और शांत वातावरण का आनंद लेते नजर आए। लोक भवन उद्यान आम लोगों के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक खुला है, जबकि सुरक्षा व्यवस्था के तहत दोपहर एक बजे तक प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। प्रवेश गेट संख्या-दो से कराया जा रहा है, यहां सुरक्षा जांच के बाद लोगों को अंदर जाने दिया जा रहा है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के इंतजाम भी किए गए हैं।



उल्लेखनीय है कि दो फरवरी से आठ फरवरी तक लोकभवन का द्वार आमलोगों के लिए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के आदेश पर खोल दिया गया। लोकभवन का पहले दिन 2559 लोगों, दूसरे दिन 4813, तीसरे दिन 12711 लोगों ने भ्रमण किया था।

## विधानसभा परिसर में सैलरी अकाउंट सुविधाओं पर प्रस्तुतीकरण

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया की ओर से राज्य सरकार के नियमित, संविदा और पेंशनधारी कर्मचारियों को समर्पित विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से झारखंड विधानसभा परिसर स्थिति सेंट्रल हॉल में गुरूवार को झारखंड सरकार के साथ हाल में किए गए समझौता (एमओयू) के तहत एक विस्तृत प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न



सरकारी विभागों और कार्यालयों के कर्मचारियों को वेतन खाते (सैलरी अकाउंट) से जुड़ी सुविधाओं और बीमा उत्पादों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रस्तुति के दौरान दुर्घटना बीमा, टर्म इंश्योरेंस, चिकित्सा बीमा सहित अन्य बैंकिंग सेवाओं पर प्रकाश डाला गया, जिससे कर्मचारियों को सुरक्षित और समग्र वित्तीय संरक्षण उपलब्ध हो सके। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने बैंक की ओर से दी जा रही सुविधाओं में गहरी रुचि दिखाई। बैंकिंग संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर खास तौर पर बैंक ऑफ इंडिया की ओर से कार्यक्रम का नेतृत्व अजय कुमार पाण्डेय, सहायक महाप्रबंधक, एफजीएमओ रांची तथा बनिता मोहापात्रा, उप अंचल प्रबंधक, रांची अंचल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, सदस्य रामचंद्र सिंह, प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा रंजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि पर पहाड़ी मंदिर की तैयारी

# सादे लिबास में पुलिस बल की तैनाती

**रांची।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर आगामी 15 फरवरी 2026 को रांची पहाड़ी मंदिर में आयोजित अनुष्ठान को लेकर विधि-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर समाहरणालय सभागार में गुरूवार को बैठक हुई।

उपायुक्त सह रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति अध्यक्ष मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पर्व के शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण



निर्णय लिया गया।

पूरे मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कडे इंतजाम किए गए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि सरकारी पूजा के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर खोला जाएगा और जलाभिषेक अर्धा प्रणाली से कराया जाएगा।

महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सादे लिबास में पुलिस बल की तैनाती, अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे, निरंतर पेट्रोलिंग और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिया गया। वहीं इस दौरान उपायुक?त ने छेड़छाड़, पॉकेटमारी और चोरी की घटनाओं पर पूर्ण रोक लगाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साउंड सिस्टम, खोया-पाया केंद्र, चिकित्सा दल, अग्निशमन और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

इसके अलावा मंदिर परिसर की पुष्प सजावट, बैरिकेडिंग और अतिरिक्त मजदूरों की तैनाती होगी।

उपायुक्त ने श्रद्धालुओं से प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण अनुकूल सामग्री अपनाने की अपील की।

बैठक में एसएसपी रांची, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था सहित समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

## राज्यपाल योगदा आश्रम पहुंचे, स्मृति मंदिर में जाकर की ध्यान-साधना



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार गुरुवार रात योगदा सत्संग आश्रम पहुंचे। इस दौरान राज्यपाल ने आश्रम परिसर का अवलोकन किया। इस क्रम में वे उस कक्ष में भी गए, जहां स्वामी परमहंस योगानंद निवास किया करते थे। उन्होंने स्मृति मंदिर में भी जाकर ध्यान-साधना की तथा आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। राज्यपाल को वरिष्ठ स्वामी ईश्वरानन्द गिरी ने आश्रम की आध्यात्मिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। स्वामी ने आश्रम की गुरु-शिष्य परम्परा तथा योगदा सत्संग परंपरा के माध्यम से आत्म-विकास, चरित्र निर्माण एवं मानव कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल को स्वामी ईश्वरानन्द गिरी जी ने योगी कथामृत, ईश्वर-अर्जुन संवाद (श्रीमद्भगवद्गीता), आत्म-साक्षात्कार की यात्रा सहित अन्य महत्वपूर्ण आध्यात्मिक ग्रंथ एवं सोसाइटी द्वारा प्रकाशित कैलेंडर भेंट की। राज्यपाल ने कहा कि लम्बे समय से आश्रम आना चाहते थे, जो आज पूर्ण हुआ है। उन्होंने योगदा सत्संग आश्रम की ओर से समाज को आध्यात्मिक दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भगवान की प्रतिमाओं का कराया गया नगर परिक्रमा




**रांची।** धुर्वा के होटवासी में नवनिर्मित चार मंदिरों में भगवान की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के चौथे दिन गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ नगर प्ररिक्रमा कराया गया।मौके पर भक्तों के बीच खीर प्रसाद का वितरण करने के बाद जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इस दौरान मुहल्ले की काफी संख्या में स्त्री-पुरूष भगवान के नगर परिक्रमा में शामिल हुए। खुले वाहन से सभी देवी-देवताओं के छोटे प्रारूप को पहले टुंडुल की दो मंदिरों में ले जाया गया। इसके बाद 32 एकड़ स्थित मंदिर ले जाया गया। उसके बाद महुआटोली होते हुए होटवासी गांव स्थित दो मंदिरों में सभी प्रतिमा को ले जाकर पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद नवनिर्मित मंदिरों में पूजा-अर्चना की गयी। वाराणसी से पंडित ललन प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे पुरोहितों ने बताया कि कार्यक्रम में सबसे पहले अन्नाधिवास से भगवान को जगाकर बाहर निकाला गया। उसके बाद सभी का देव स्नान कराया गया। देर शाम सभी प्रतिमाओं का शैयाधिवास कराया गया। शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूरा होने के बाद हवन और आरती एवं प्रसाद भोग का वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को भी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## निजी क्षेत्र में आरक्षण की बात, सरकारी योजनाओं में बाहरी राज : अजय साह

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा प्रवक्ता अजय साह ने मुख्यमंत्री के इस बयान को जनता को भ्रमित करने और सरकार के दोहरे चरित्र को उजागर करने वाला बताया। गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर साह ने कहा है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरी राज्य सरकार कार्य कर रही है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि सरकारी विभागों में झारखंड के स्थानीय लोगों को दी जा रही प्राथमिकता मुख्यमंत्री के दावों के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की ओर से जारी किए जा रहे अधिकांश टेंडर इस प्रकार डिजाइन किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय उद्यमियों और सवेंदकों को अवसर नहीं मिल पाता और बाहर की कंपनियों व लोगों को सीधा लाभ पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में भाजपा ने शराब नीति में स्थानीय महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग उठाई थी, लेकिन सरकार ने इस नीति का प्रत्यक्ष लाभ छत्तीसगढ़ के व्यापारियों को सौंप दिया। इसी तरह बालू घाटों की नीलामी में ऐसी शर्तें रखी गईं, जिससे स्थानीय लोगों को बाहर कर बड़े कॉर्पोरेट घरानों को बालू घाट आवंटित किए गए। कोचिंग संस्थानों के रेगुलेशन में भी ऐसी कठोर शर्तें जोड़ी गईं, जिसके कारण स्थानीय स्तर पर संचालित छोटी-मोटी कोचिंग संस्थाएं बंद होने के कगार पर पहुंच गईं और बाहर के कॉर्पोरेट ग्रुप्स को खुला अवसर मिल गया।



# नामांकन पत्रों की जांच के दौरान अध्यक्ष पद के एक व वार्ड पार्षद के पांच प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के लिये प्रत्याशियों के द्वारा किये गये नामांकन पत्रों की जांच गुरुवार को की गई। जांच के दौरान अध्यक्ष पद के एक एवं वार्ड पार्षद के पांच प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर दिया गया। यहां बताते चलें कि चुनाव में अध्यक्ष पद के लिये निवर्तमान अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी समेत कुल 12 एवं वार्ड पार्षद के लिये 97 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। अनुमंडल कार्यालय में अध्यक्ष पद के सभी प्रत्याशियों की मौजूदगी में निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने नामांकन पत्रों की जांच की। जांच के दौरान अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अरिशा बानो का नामांकन कम उम्र होने के कारण रद्द कर दिया गया। जबकि विजयलक्ष्मी देवी, लता देवी, सुधा देवी, साधना देवी, रेखा देवी, शमीमा बानो, किरण कुमारी, रुपसाना खातून, रूबी कुमारी, पिंटू देवी एवं रीना देवी का नामांकन पत्र सही पाये जाने पर स्वीकृत किया गया। वहीं प्रखंड कार्यालय में वार्ड पार्षद के प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच के दौरान पांच प्रत्याशियों वार्ड नंबर 5 से सामवेल तिर्की व राजपत्ति देवी, वार्ड 6 की सुनीता देवी, वार्ड 10 से इंदु कुमारी व ललिता कुमारी का नामांकन पत्र नियमानुसार नहीं भरे जाने के कारण नामांकन रद्द कर दिया गया। अब अध्यक्ष के 11 व वार्ड पार्षद के 92 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### प्रशिक्षण में दी गई मतदान प्रक्रिया की जानकारी

**मेदिनीनगर :** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर स्थानीय जीएलए कॉलेज स्थित ब्लॉक ए व ब्लॉक बी में मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 2009 पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में पीठासीन पदाधिकारी सहित सभी मतदान पदाधिकारियों को उनकी भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पदाधिकारियों को मतदान दिवस पर शांतिपूर्ण मतदान कराने, मतदान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों तथा प्रयुक्त किए जानेवाले प्रपत्रों के संबंध में बिंदुवार जानकारी दी गई। इसके अलावे मतपेटी को खोलने एवं सील करने की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया तथा सभी मतदान पदाधिकारियों को मतपेटी का हैंडहोल्ड कराया गया। प्रशिक्षण का निरीक्षण एलआरडीसी प्यारे लाल व डीएसई संदीप कुमार ने किया। मौके पर जिला प्रशिक्षक अमरेंद्र पाठक, श्यामलाल उरांव, अशोक सिंह, देवेंद्र मिंज, परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा एवं उपेंद्र कुमार, कार्यालय अधीक्षक राम लखन राम, तकनीकी विशेषज्ञ अल्तमस परवेज, जिला समन्वयक मुफ्ती अनवर तथा प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार आदि उपस्थित थे।

## नगर निगम चुनाव

### व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग का गठन

# अभ्यर्थियों के लिये व्यय लेखा पंजी प्रशिक्षण 9 से

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा नगर परिषद, नगर पंचायत मंझिआंव और नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर में आगामी नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के तहत अध्यक्ष और वार्ड सदस्य के निर्वाचन के लिये मतदान की तिथि 23 फरवरी निर्धारित की गई है। निर्वाचन आयोग झारखंड के दिशा-निदेशों के अनुरूप गढ़वा जिले के लिये व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत सभी अभ्यर्थियों के लिये निर्वाचन व्यय लेखा पंजी के इन्द्राज और जांच से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गढ़वा नगर परिषद (वर्ग-ख) के अध्यक्ष और वार्ड पार्षद अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 9 फरवरी को अपराह्न तीन बजे गढ़वा प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में किया जायेगा। इसी प्रकार नगर पंचायत मंझिआंव के अध्यक्ष और वार्ड सदस्य अभ्यर्थियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम 9 फरवरी को अपराह्न तीन बजे प्रखंड कार्यालय मंझिआंव के सभाकक्ष में आयोजित होगा। नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर के अध्यक्ष और वार्ड सदस्य अभ्यर्थियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय श्री बंशीधर नगर के सभाकक्ष में आयोजित किया जायेगा। निर्वाचन से पूर्व अभ्यर्थियों के व्यय लेखा पंजी की जांच तीन चरणों में संपन्न की जायेगी। गढ़वा नगर परिषद (वर्ग-ख) के अभ्यर्थियों के लिए यह जांच क्रमशः 12, 16 और 20 फरवरी को प्रखंड कार्यालय गढ़वा सभाकक्ष में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न पांच बजे तक होगी। इसी प्रकार नगर पंचायत मंझिआंव और नगर पंचायत श्री बंशीधर नगर के अभ्यर्थियों की व्यय लेखा पंजी जांच क्रमशः प्रखंड कार्यालय मंझिआंव और प्रखंड कार्यालय श्री बंशीधर नगर के सभाकक्ष में तीन चरणों में की जायेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त दिनेश यादव ने सभी निर्वाचन अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लें और अपना निर्वाचन व्यय लेखा पंजी जांच कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी, समयबद्ध और सुचारू रूप से संपन्न हों, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न किया जा सके।

# भीख मांगती महिला को महिला आश्रय गृह में मिली सुरक्षा

बंशीधर न्यूज



**रंका :** प्रखंड के ग्राम बरवाही बुढ़ापारस निवासी दिव्यांग महिला पीतांबरी कच्छप सड़क किनारे भीख मांगती पाई गई। महिला के जीवन की पीड़ा देखकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने तुरंत हस्तक्षेप किया। बातचीत में पता चला कि पीतांबरी की पिता की मृत्यु हो चुकी है और उसके परिवार में मां और एक भाई हैं। हालांकि, मां और बेटी एक साथ रहती थीं, लेकिन घर में लगातार हुई पिटाई के कारण पीतांबरी अपने घर को छोड़ सड़क पर मजबूरी में भीख मांगने लगी थी। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने पीएलवी अरविंद तिवारी के सहयोग से महिला को महिला आश्रय गिरी में सुरक्षित निवास दिलवाया। इसके साथ ही उन्होंने यह पता लगाया कि महिला की दिव्यांग पेंशन पिछले एक वर्ष से बंद थी। आवश्यक डॉक्यूमेंट रंका ब्लॉक कार्यालय में भेजकर पेंशन चालू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही पेंशन का पैसा महिला के खाते में भेजा जायेगा। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गढ़वा हमेशा यह सुनिश्चित करता है कि न्याय की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा एवं सहायता मिल सके।

### महापौर के लिए स्क्रूटनी के दौरान दो प्रत्याशियों का नामांकन रद्द

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी के दौरान महापौर पद के लिए दाखिल 13 प्रत्याशियों में से दो का नामांकन तकनीकी आधार पर रद्द हो गया है। जिनका नामांकन रद्द हुआ है, उनमें रफीराज आलम की पत्नी रिजवाना खातून व ओमप्रकाश गुप्ता की पत्नी पुष्पा कुमारी शामिल हैं। यदि कल कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस नहीं लेता है तब वैसी स्थिति में दो प्रत्याशियों के नामांकन खारिज होने के बाद अब 11 प्रत्याशी ही मैदान में रह जाएंगे। इच्छुक प्रत्याशी 6 फरवरी को अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। वहीं 7 फरवरी को प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। इधर मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड पार्षद चुनाव को लेकर स्क्रूटनी के दौरान वार्ड संख्या 1 की प्रत्याशी क्रांति देवी का नामांकन खारिज कर दिया गया है। बताया गया कि तीन बच्चे होने के कारण उनका नामांकन खारिज किया गया है।

### बाबा चौहरमल कल्याण समिति की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर :** वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की पलामू जिला कमिटी की बैठक अध्यक्ष संदीप पासवान के आवास पर हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही पलामू में होने वाले नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायत के चुनाव पर चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से पासवान समाज के हित में कार्य करने वाले प्रत्याशी का समर्थन करने का निर्णय लिया। रिजर्व सीट से अपने समाज के वैसे प्रत्याशी, जो चुनाव जीत सकते हैं यथा जिनके पास जनसमर्थन है वैसे प्रत्याशी को ही सर्मथन करने का निर्णय लिया गया। लिट्टी-चोखा पार्टी के साथ बैठक का समापन किया गया। बैठक में डॉ. मनीष कुमार, महासचिव संजय पासवान, जिला उपाध्यक्ष ललन पासवान, अरविंद पासवान, अशोक पासवान, प्रमंडल उपाध्यक्ष उदय मांझी, पलामू जिला प्रवक्ता बिनय मांझी, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पलामू जिला युवा कमेटी के अध्यक्ष संजीव कुमार पासवान उर्फ बंटु, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश पासवान, राजू पासवान, कमलेश पासवान, आसनारायण राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### तनाव मुक्त इम्तिहान के लिए संत मरियम स्कूल के बच्चों ने देखी फिल्म




**मेदिनीनगर :** परीक्षा के तनाममुक्त माहौल से निजात को लेकर स्थानीय संत मरियम स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र ग्रुप में शहर के मोहन सिनेमा हॉल पहुंचे और वहां पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के साथ फिल्म देखी। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि कुछ ही दिनों में छात्रों की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने वाली है, जिसे लेकर कई छात्र मानसिक तनाव में रहते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सहज रखा जाए। इसी उद्देश्य से छात्रों को देशभक्ति और प्रेरणादायक संदेश से जुड़ी फिल्म दिखाई गई, ताकि वे परीक्षा के दबाव से बाहर निकल सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से छात्रों का तनाव कम होता है और वे नई ऊर्जा के साथ पढ़ाई में एकाग्रता बना पाते हैं। चेयरमैन ने छात्रों से अपील की कि वे डर और तनाव से दूर रहकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करें और नियमित अध्ययन पर ध्यान दें। फिल्म देखने के बाद छात्रों के चेहरे पर उत्साह और प्रसन्नता देखी गई। छात्रों ने बताया कि इस पहल से उन्हें मानसिक सुकून मिला है और अब वे अधिक सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे।

## डीसी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की योजनाओं की व्यापक समीक्षा

# छात्र-शिक्षक उपस्थिति में सुधार व शैक्षणिक गुणवत्ता पर जोर

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** समाहरणालय सभागार में गुरूवार को शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी दिनेश यादव ने की। बैठक में जिले की शैक्षणिक प्रगति को लेकर बिंदुवार समीक्षा करते हुये कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये गये। डीसी ने कंपोजिट जिला रैंकिंग, छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति, आधार एवं अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट, विद्यालयों की आधारभूत संरचना, निपुण भारत मिशन, पीएम-श्री विद्यालयों का क्रियान्वयन, पलाश कार्यक्रम, पीएम-पोषण (मिड-डे मील) योजना, आईसीटी व स्मार्ट क्लास की स्थिति, स्वास्थ्य जांच, आयरन-फोलिक एसिड वितरण, सतत व्यावसायिक विकास (सीपीडी) प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट रेल के अंतर्गत मासिक मूल्यांकन, यू-डायस एवं एसएमएस रिपोर्टिंग, एनआईएलपी/उल्लास कार्यक्रम, न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों तथा समग्र शिक्षा के अंतर्गत लंबित अग्रिमों की क्रमवार समीक्षा की। डीसी श्री यादव ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिक्षा विभाग की योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति में सुधार और शैक्षणिक गुणवत्ता को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुये कहा कि जिले का लक्ष्य प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक के दौरान डीसी ने जिले में संचालित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बीईओ, बीपीओ, सीआरपी एवं बीआरपी को नियमित विद्यालय निरीक्षण करने का निर्देश देते हुये कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। डीसी ने स्पष्ट रूप से कहा कि पीएम-पोषण योजना किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिये। साथ ही विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने की बात भी कही। बैठक में डीसी ने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुये जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत, प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी बनाने का आह्वान किया। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, डीईओ कैसर रजा, डीएसई अनुराग मिंज, बीईईओ विजय पाण्डेय, झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट के सहायक पंकज पाण्डेय, रूम टू रीड इंडिया के जिला प्रतिनिधि लखविन्द्र कुमार सहित शिक्षा विभाग के कई पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जागरूकता रथ

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के दिशा-निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) गढ़वा के तत्वावधान में गुरुवार को बाल विवाह मुक्ति जागरूकता रथ को रवाना किया गया। डीएलएसए गढ़वा परिसर से जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज प्रसाद तथा सचिव निभा रंजना लकड़ा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर ग्रामीणों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों और इसके कानूनी प्रावधानों की जानकारी देगा। अभियान के तहत संबंधित पंचायतों के पीएलवी जागरूकता रथ के साथ उपस्थित रहेंगे और ग्रामीणों को इस सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन के लिये प्रेरित करेंगे। प्रखंड स्तर पर भी पीएलवी अपने-अपने क्षेत्रों में इस प्रचार वाहन के साथ सहभागिता निभाते हुये समाज से बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने का संदेश देंगे। रंका प्रखंड पीएलवी टीम में शामिल कैमुदीन अंसारी, महेंद्र ठाकुर, राजेश कुमार चौधरी, अमरेंद्र कुमार एवं सुनील मिंज ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुये कहा कि वे सभी डीएलएसए गढ़वा द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान के साथ मजबूती से खड़े हैं और गढ़वा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। मौके पर पीएलवी संगीता सिन्हा, प्रदीप कुमार गुप्ता, दीपक कुमार रवि, पिंकी कुमारी, सुधीर चौबे, रामाशंकर चौबे, मुरली श्याम तिवारी, मनोज दुबे, कृष्णानंद दुबे, उदय कुशवाहा, तृप्ता भानु आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पति-पत्नी का विवाद सुलझा, साथ रहने पर हुए सहमत

**मेदिनीनगर :** स्थानीय महिला थाना व पीएलवी इंदु भगत की पहल पर पति-पत्नी के बीच चल रहे वर्षों पूर्व विवाद को सुलझा लिया गया है। दोनों पति-पत्नी विवाद को समाप्त करते हुए साथ रहने पर सहमत हो गए हैं। दरअसल पड़वा थाना अंतर्गत मुड़कटवा निवासी आंतो देवी ने 27 जनवरी 2026 को अपने पति अरविंद राम, सास संनपतिया कुंवर व ननद रूपा कुंअर के खिलाफ मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। दोनों के दाम्पत्य जीवन से एक लड़का-लड़की भी है। अन्तो देवी की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई थी और इधर एक वर्ष से वह अपने मायके में रह रही थी। शिकायत के आलोक में चार फरवरी को दोनों पक्षों को थाना में बुलाया गया था। दोनों पक्षों के बीच इंदू भगत के प्रयास से मध्यस्थता कराया गया तथा दोनों साथ रहने पर सहमत हुए। इस कार्य में महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला, एएसआई संजय कुमार व पीएलवी इंदु भगत का पहल सराहनीय रहा।

### विहिप ने साध्वी कृष्णप्रिया को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर :** पलामू विहिप के सदस्यों ने रेड़मा में नवनिर्मित भगवान परशुराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पलामू पहुंची साध्वी दीदी कृष्णप्रिया जी को सम्मानित किया। प्रतिदिन संध्या में शिव पुराण कथा पर प्रवचन कर रहीं साध्वी दीदी को कार्यक्रम के तीसरे दिन देवी मां की चुनरी भेंट की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रवचन के दौरान उन्होंने शिव पुराण के साथ गौ रक्षा और गौ वंश संवर्धन पर जोर देते हुए सनातन संस्कृति को मजबूत और अक्षुण्ण रखने का भी संदेश दिया। विहिप के प्रतिनिधिमंडल में झारखंड प्रांत सेवा टोली सदस्य दामोदर मिश्र, जिला मंत्री अमित तिवारी, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सहसंयोजक हिमांशु पांडेय, विद्यार्थी प्रमुख विवेक सिंह, वार्ड संयोजक प्रकाश विश्वकर्मा, शीतल तिवारी आदि शामिल थे।

## शोध ▶ नदी का प्राकृतिक नेटवर्क कमजोर

# भू-जल स्तर में गिरावट सूखे की संभावना बढ़ी

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली दानरो नदी और इसकी छोटी-छोटी जलधाराएं तेजी से समाप्त होती जा रही हैं। ताजा वैज्ञानिक शोध में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि बीते 45 वर्षों में दानरो नदी तंत्र की करीब 69 प्रतिशत धाराओं की संख्या, लंबाई और जल निकासी क्षमता में भारी गिरावट दर्ज की गई है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि यही हाल रहा तो गढ़वा जिले में जल संकट, भूजल स्तर में तेज गिरावट और सूखे की समस्या और विकराल रूप ले सकती है। छोटानागपुर पठार पर स्थित दानरो नदी वाटरशेड गढ़वा जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण जलग्रहण क्षेत्र है। यह लगभग 573.29 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और जिले की कृषि, पेयजल आपूर्ति व ग्रामीण आजीविका का प्रमुख आधार है। अंबाखोरिया पहाड़ियों से निकलने वाली दानरो नदी करीब 64.50 किलोमीटर की यात्रा तय कर उत्तर कोयल नदी में मिलती है। इसके मार्ग में दंडु, यूरिया, अदरा और सरस्वती जैसी सहायक नदियां इसे जल प्रदान करती हैं, जिन पर हजारों किसान निर्भर हैं। शोधकताओं ने वर्ष 1977 के ऐतिहासिक आंकड़ों की तुलना 2022 के विस्तृत फील्ड सर्वे से की। परिणाम चिंताजनक निकले। कई छोटी जलधाराएं पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं और नदी का प्राकृतिक नेटवर्क बुरी तरह कमजोर हो गया है। कभी 6ठी श्रेणी (6जी ऑर्डर) की नदी रही दानरो अब सिमटकर 4ठी श्रेणी में आ गई है, जो इसके तेज क्षरण का स्पष्ट संकेत है। अंतरराष्ट्रीय रिवर रेड लिस्ट मानकों के अनुसार दानरो वाटरशेड अब संकटग्रस्त श्रेणी में पहुंच चुका है। अध्ययन में जीआईएस, रिमोट सेंसिंग, सैटेलाइट इमेजरी और फील्ड सर्वे के माध्यम से जलधाराओं की संख्या, लंबाई और ड्रेनेज डेंसिटी का गहन विश्लेषण किया गया। शोध में सामने आया कि अतिक्रमण, बेतरतीब भूमि उपयोग परिवर्तन, वनों की कटाई, सड़क निर्माण और बढ़ती मानवीय गतिविधियां नदी तंत्र के क्षरण की प्रमुख वजह हैं। शोधकताओं ने सुझाव दिया है कि नदी किनारे अतिक्रमण पर तत्काल रोक, हरित बफर जोन का निर्माण, लुप्त जलधाराओं का पुनर्जीवन, भूजल संरक्षण और टिकाऊ भूमि उपयोग नीतियों को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटी जलधाराएं ही बड़ी नदियों की जीवनरेखा होती हैं और इन्हें बचाये बिना पूरे जल तंत्र को सुरक्षित रखना संभव नहीं है। यह महत्वपूर्ण शोध दानरो नदी पर पीएचडी कर रहे शोधार्थी राहुल कुमार पांडेय, पर्यावरण विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के प्रो अंशुमाली तथा शोध पर्यवेक्षक डॉ अभय कृष्ण सिंह द्वारा भूगोल विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची से किया गया है।

## वार्षिक परीक्षा को लेकर प्रखंड प्रशासन अलर्ट मोड में

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा को लेकर कांडी प्रखंड प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। गुरुवार को सीओ राकेश सहाय ने कांडी हाईस्कूल और सोनभद्र स्थित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा हॉल में जाकर कक्षाओं की स्थिति, वीक्षण व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की गहन जांच की। इस दौरान उन्होंने कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने को लेकर केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षण कार्य में लगे शिक्षकों को कई सख्त निर्देश दिये। सीओ का रुख निरीक्षण के दौरान बेहद सख्त नजर आया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिस कक्षा में नकल या अन्य अनियमितता पाई जायेगी, वहां तैनात शिक्षकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुये निलंबन का प्रस्ताव जिला मुख्यालय को भेजा जायेगा। श्री सहाय ने जिला प्रशासन और जैक के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुये कहा कि परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाईल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। यह नियम केवल परीक्षार्थियों पर ही नहीं, बल्कि ड्यूटी पर तैनात शिक्षकों पर भी समान रूप से लागू होगा। वीक्षण कार्य के दौरान किसी भी शिक्षक के पास मोबाइल पाया गया तो इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुये कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### यज्ञ से मानसिक शांति के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है : संग्राम सिंह



**मेदिनीनगर :** पाटन प्रखंड अंतर्गत निमिया-टुसरा गांव स्थित रामसागर तालाब के तट पर श्री त्रिदण्डी स्वामी महाराज के तत्वावधान में आयोजित सतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ गुरुवार को हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन गुरुवार को पारंपरिक जलयात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जलयात्रा में मुख्य रूप जिपस जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह की उपस्थिति रही। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर यज्ञ स्थल की परिक्रमा की। इस अवसर पर संग्राम सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजनों से मन को शांति मिलती है और पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे समाज में आपसी सद्भाव और संस्कार मजबूत होते हैं। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति अध्यक्ष विनोद सिंह, उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद, सचिव प्रमोद साव, उपसचिव महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, उप कोषाध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह सहित समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा राजपति प्रजापति, प्रदीप पांडे, प्रवीण पांडेय, सतेन सिंह, संजय सिंह, शक्ति गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। जलयात्रा एवं महायज्ञ में निमिया, टुसरा, नगेसर, दुल्ही, सखुई, केल्हार, जोड़ कला, कजरमा, नावाडीह, उताकी सहित पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

### बाहरी आडंबर नहीं, भाव से प्रसन्न होते हैं भगवान : देवी कृष्णप्रिया



**मेदिनीनगर :** रेड़मा स्थित नवनिर्मित भगवान श्री परशुराम मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा सह यज्ञ के तीसरे दिन भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान शिव के अत्यंत मधुर भजन शिवजी बाघंबर वाले, भोला बाघंबर वाले, आओ जी आओ महाराज बाघंबर वाले से हुई। भजन की गूंज के साथ ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु शिव भक्ति में लीन हो गए। कथा प्रवचन के दौरान वृंदावन से पधारी प्रसिद्ध कथावाचिका देवी कृष्णप्रिया जी ने श्रद्धालुओं को भक्ति का गूढ़ रहस्य समझाया। उन्होंने कहा कि भगवान बाहरी आडंबर नहीं, बल्कि भक्त के मन की सच्चाई और भाव को देखते हैं। माला जप, भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ जैसी क्रियाएं यदि केवल दिखावे के लिए की जाएं, तो उनका वास्तविक फल नहीं मिलता। सच्चे मन से किया गया छोटा सा भाव भी भगवान को अत्यंत प्रिय होता है। देवी कृष्णप्रिया जी ने एक मार्मिक उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे पिता अपने बच्चों के लिए कुछ लेकर आता है और वही वस्तु यदि कोई बच्चा प्रेमपूर्वक पिता को खिलाता है, तो पिता का हृदय आनंद से भर जाता है। उसी प्रकार जो कुछ हमारे पास है, वह सब ईश्वर का दिया हुआ है। जब हम उसी को प्रेम और श्रद्धा से भगवान को अर्पित करते हैं, तो वे हमारे भाव से प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब संसार में धर्म की हानि होती है, तब भगवान शिव स्वयं धर्म और भक्तों की रक्षा के लिए आगे आते हैं। शिव कृपा का ही परिणाम है कि आज लोग फिर से मंदिरों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जिन मंदिरों में कभी सन्नाटा और धूल जमी रहती थी, आज वहां श्रद्धालु जलाभिषेक कर भगवान शिव की स्तुति कर रहे हैं।

### घर से भागी युवती को डालटनगंज से सुरक्षित वापस लाया गया

**कांडी :** क्षेत्र के ग्राम सरकोनी निवासी सुनील साव (पिता अनिल साव) की 15 वर्षीय भतीजी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। बुधवार को नाबालिग के घर से बिना बताये कहीं चले जाने की सूचना थाना प्रभारी मोहम्मद अशफाक आलम को दी गई थी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुये स्वयं के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के साथ एक छापामारी टीम का गठन किया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य सूचना तंत्रों के आधार पर महिला थाना प्रभारी, डालटनगंज (पलामू) के सहयोग से गुरुवार को नाबालिग युवती को डालटनगंज, पलामू से सही-सलामत बरामद किया। बरामदगी के बाद नाबालिग को थाना लाया गया, जहां आवश्यक पूछताछ के उपरांत उसकी मां सीता देवी को सौंप दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग के चाचा द्वारा दी गई सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके फलस्वरूप युवती को सुरक्षित बरामद किया जा सका। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि मां की डांट-फटकार से नाराज होकर नाबालिग घर से निकल गई थी। फिलहाल मामला शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है।


## विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# चुनाव प्रेक्षक पहुंचे पलामू, की निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर:** नगर निकाय चुनाव के सफल संचालन को लेकर पलामू पहुंचे प्रेक्षकों ने आज समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में डीसी समीरा एस, एसपी रिष्मा रमेशन सहित जिले के सभी पांचों नगर निकाय के निवार्ची पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक में अब तक की तैयारियों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी नगर निकाय के संबंधित प्रेक्षक को एक-एक कर उनके क्षेत्र में अब तक किये गये कार्यों से अवगत कराया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी नगर निकाय क्षेत्र में पड़नेवाले मतदान केंद्र, बुरका क्लैड पोलिंग स्टेशन, मतदान केंद्र तक कर्मी के आवगमन की सुविधा सहित अन्य कार्यों से अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंने मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा, मतदान केंद्र, वाहन की आवश्यकता, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सामग्री, पोस्टल बैलेट, मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि जिले के पांचों नगर निकाय में कुल 103 वार्डों के लिये चुनाव कराया जाना है। इसके लिये 246 मतदान केंद्र बनाया गया है। वहीं शस्त्रों का सत्यापन किया जा रहा है। इसी क्रम में एफएसटी और एसएसटी का भी गठन किया गया है। बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक, विश्रामपुर नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक, छत्तरपुर नगर पंचायत के सामान्य प्रेक्षक, हुसैनाबाद नगर पंचायत के प्रेक्षक और हरिहरगंज नगर पंचायत समेत विभिन्न कोषांग के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

### सांसद वीडी राम ने की रामगढ़ व बड़गड़ में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के स्थापना की मांग




**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णु दयाल राम ने गुरुवार को पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ एवं बड़गड़ प्रखंड में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के स्थापना को लेकर लोकसभा में मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू जिला स्थित रामगढ़ प्रखंड की कुल जनसंख्या का लगभग 49.9 प्रतिशत एसटी व गढ़वा जिले के बड़गड़ प्रखंड की कुल जनसंख्या में एसटी की संख्या 60 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इन दोनों क्षेत्र मुख्यतः आदिवासी बाहुल्य है और यहां गुणवत्तापूर्ण और आवासीय शिक्षा सुविधाओं का अभाव है। इन असुविधाओं के कारण आदिवासी बच्चों, विशेषकर दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे विद्यालय छोड़ने की दर भी अधिक बनी हुई है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक अवसंरचना, आवासीय सुविधा, समग्र विकास एवं बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करने की चर्चा क्रते हुए इन दोनों प्रखंड में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के स्थापना की मांग की। सांसद श्री राम ने जनजातीय कार्य मंत्रालय से इसके लिए शीघ्र पहल की मांग की।

## दिशा पाटनी के साथ रिश्ते की खबर पर तलविंदर ने चुप्पी तोड़ी



बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी अक्सर अपनी फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। टाइगर श्रॉफ के साथ उनके रिश्ते ने एक समय खूब सुर्खियां बटोरी थीं, लेकिन बाद में दोनों अलग हो गए। अब हाल के दिनों में दिशा का नाम पंजाबी गायक तलविंदर के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों के डेटिंग की खबरें सोशल मीडिया से लेकर एंटरटेनमेंट गलियारों तक छाई हुई हैं। इस बीच तलविंदर ने पहली बार इन चचाओं पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है। एक इंटरव्यू के दौरान तलविंदर ने दिशा के साथ अपने रिश्ते की अफवाहों पर बात करते हुए कहा कि (नुपुर सेनन और स्टेबिन बेन) से शादी पहले उनकी आपसी जान-पहचान बढ़ी थी, लेकिन अचानक सामने आई इन खबरों ने उन्हें भी हैरान कर दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे किसी भी तरह के दबाव या अफवाहों के आगे झुकना नहीं चाहते और फिलहाल एक-दूसरे को समझने की कोशिश कर रहे हैं। गायक ने आगे जोड़ा, अगर लोग अफवाह फैलाना चाहते हैं, तो मैं इसे अफवाह ही रहने दूंगा। प्यार और रिश्तों पर अपने विचार शेयर करते हुए तलविंदर ने कहा, मैं हर दिन प्यार में पड़ जाता हूं, मैं अभी भी प्यार में पड़ रहा हूं। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान ने फैंस की दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

## दिशा पाटनी के साथ रिश्ते की खबर पर तलविंदर ने चुप्पी तोड़ी



गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा अपने बेबाक अंदाज और हाजिरजवाबी के लिए अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अब वह आधिकारिक तौर पर अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। लंबे समय तक परिवार और निजी जीवन को प्राथमिकता देने के बाद सुनीता ने एकता कपूर के प्रोडक्शन हाउस बालाजी मोशन पिक्चर्स के साथ अपनी पहली हिंदी फिल्म साइन कर ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह इस फिल्म में एक अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। सूत्रों के अनुसार, 58 वर्षीय सुनीता इस अनटाइटल्ड फिल्म की करीब 20 दिनों तक शूटिंग करेंगी। हालांकि वह पहले भी टीवी शोज, इवेंट्स और इंटरव्यू में दिखाई देती रही हैं, लेकिन यह प्रोजेक्ट उनके करियर की आधिकारिक बॉलीवुड शुरूआत माना जा रहा है। खास बात यह है कि सुनीता ने अब तक ग्लैमर इंडस्ट्री की चकाचौंध से दूरी बनाए रखी थी और कभी भी अपने पति की लोकप्रियता का सहारा लेकर फिल्मी करियर शुरू करने की कोशिश नहीं की। पिछले कुछ समय से सुनीता सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी मौजूदगी से नई पहचान बना चुकी हैं। उनके पॉडकास्ट इंटरव्यू, सार्वजनिक कार्यक्रमों में बेबाक बयान और यूट्यूब चैनल ने उन्हें दर्शकों के बीच अलग पहचान दिलाई है। माना जा रहा है कि उनकी इसी लोकप्रियता को देखते हुए एकता कपूर ने उन्हें अपनी फिल्म का हिस्सा बनाया।

## पाकिस्तान की सेना क्वेटा में घरों में घुसी, 100 से अधिक बलोच लोगों को उठा ले गयी



# पार्टी के लिये जनता सर्वोपरि : झामुमो



### अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** झामुमो ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी के लिये जनता सर्वोपरि है और अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पार्टी नेतृत्व ने दो टूक शब्दों में कहा कि झामुमो अपने संविधान, नीति और सिद्धांतों के अनुसार चलती है और इसमें व्यक्तिगत वर्चस्व, गुटबाजी या अनुशासनहीन आचरण के लिये कोई स्थान नहीं है। पार्टी नेताओं ने कहा कि झामुमो का गठन ही शोषित, वंचित, आदिवासी, मूलवासी, दलित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिये हुआ है। यही पार्टी की आत्मा और पहचान है। ऐसे में जनता के खिलाफ किसी भी प्रकार के अत्याचार, अन्याय या शोषण को पार्टी कभी स्वीकार नहीं कर सकती। यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि पार्टी का कोई कार्यकर्ता, पदाधिकारी या समर्थक जनता के शोषण में शामिल है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी, चाहे वह व्यक्ति कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। झामुमो ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी के भीतर शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिये स्पष्ट और मजबूत संगठनात्मक व्यवस्था मौजूद है। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के लिये जिला समिति, प्रखंड समिति और अन्य उपयुक्त फोरम बनाये गये हैं, जहां वे अपनी बात रख सकते हैं। पार्टी का मानना है कि आंतरिक मामलों को संगठन के भीतर ही सुलझाया जाना चाहिये। किसी भी पार्टी पदाधिकारी या संगठन के खिलाफ सार्वजनिक रूप से प्रेसवार्ता करना या मीडिया के माध्यम से आरोप-प्रत्यारोप करना न केवल अनुचित है, बल्कि यह गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। नेतृत्व ने कहा कि इस तरह की हरकतों से पार्टी की छवि को सार्वजनिक रूप से धूमिल करने का प्रयास होता है, जिसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। झामुमो एक अनुशासित और विचारधारात्मक पार्टी है, जहां व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर संगठन और जनता का हित रखा जाता है। पार्टी की प्राथमिकता हमेशा जनता रही है और आगे भी रहेगी। झामुमो ने दोहराया कि यदि जनता और पार्टी के बीच किसी कार्यकर्ता की गलती, दबंगई या वर्चस्व की लड़ाई सामने आती है, तो पार्टी बिना किसी दबाव के कार्रवाई करने में तनिक भी देरी नहीं करेगी। संगठन में कोई भी व्यक्ति पार्टी से बड़ा नहीं है। पद, प्रतिष्ठा या व्यक्तिगत संबंध कार्रवाई के रास्ते में बाधा नहीं बन सकते। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पार्टी की मर्यादा, अनुशासन और विचारधारा का सम्मान करें। जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दें, उनके साथ खड़े रहें और संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। मौके पर जिलाध्यक्ष शंभू राम, मीडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे, सचिव शरीफ अंसारी, केन्द्रीय सदस्य जवाहर पासवान तनवीर आलम खान, मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, प्रखंड अध्यक्ष जैनुल अंसारी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रतन सिंह, प्रमुख लिलावती देवी सहित प्रखंड कमेटी एवं पंचायत अध्यक्ष सचिव मौजूद थे।

## अब हर आने-जाने वाला जानेगा यह शहीद का गांव है : आलोक चौरसिया



**मेदिनीनगर :** विधायक आलोक चौरसिया ने शहीद नौसेना के जवान सूरज दूबे की पांचवी पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से उनके पैतृक गांव पूर्वडीहा कोल्हुआ में भव्य स्मृति तोरणद्वार का उद्घाटन फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। कार्यक्रम में देशभक्ति, भावुकता और गांव का गर्व साफ नजर आया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गांव के पूज्य अगस्त बाबा ने विधिवत पूजा संपन्न कराई। उस मौके पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा, शहीद सूरज दुबे की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह तोरणद्वार आने वाली पीढ़ियों को याद दिलाएगा कि इस गांव का बेटा देश के लिए अमर हुआ है। उन्होंने शहीद के पिता मिथिलेश दूबे और बड़े भाई नीरज दूबे को अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। विधायक ने भावुक स्वर में कहा कि इतनी कम उम्र में बेटे की शहादत माता-पिता के लिए पहाड़ टूटने जैसा होता है, लेकिन देश को ऐसे वीर सपूतों पर गर्व है। मौके पर जिला पार्षद रामलव प्रसाद चौरसिया, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ल, कामाख्या नारायण सिंह, रामनाथ दूबे, पूर्व मुखिया भीष्म प्रसाद, ओमप्रकाश दूबे, पारसनाथ तिवारी, अविनाश देव, जितेंद्र दूबे, सूरज पाण्डेय, अगस्त दूबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में शहीद सूरज दुबे अमर रहें के नारों से पूरा गांव गूंज उठा और यह संदेश साफ था कि शहीद सिर्फ यादों में नहीं, गांव की पहचान बन चुके हैं। कार्यक्रम का संचालन मुखिया प्रत्याशी विकास दूबे ने किया।

## जनवितरण डीलर पर राशन न देने और धमकी देने के गंभीर आरोप



**सगमा :** प्रखंड के दक्षिण सोनडीहा गांव में जनवितरण प्रणाली की महिला डीलर पर गरीब लाभुकों का हक मारने और विरोध करने पर रंगदारी व छेड़खानी जैसे मामलों में फंसाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है। इसको लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में महिला समाख्या सोसाईटी की अध्यक्ष सोनिया देवी द्वारा जनवितरण दुकान का संचालन किया जाता है। लाभुकों ने बताया कि गुरुवार को जब वे दिसंबर माह का राशन लेने पहुंचे, तो डीलर ने गुस्से में गाली-गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग किया। आरोप है कि डीलर ने साफ शब्दों में कहा कि दिसंबर का राशन नहीं दिया जाएगा और सभी लाभुकों को जनवरी माह का राशन दिया जायेगा। लाभुकों का कहना है कि डीलर ने यह भी कहा कि जिसे जहां जाना है जाय, राशन नहीं मिलेगा। अधिक विरोध करने पर रंगदारी और छेड़खानी जैसे मामलों में फंसाने की धमकी दी गई, जिससे भयभीत होकर मौके पर मौजूद लाभुक वहां से भाग खड़े हुये। ग्रामीणों ने बताया कि सोनिया देवी एक या दो माह के अंतराल पर राशन देने से इंकार करती रही हैं। इस संबंध में लाभुकों द्वारा दो बार उपायुक्त गढ़वा को लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लाभुकों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक डीलर को हटाया नहीं जायेगा, वे राशन लेने नहीं जाएंगे। इसी मामले में महिला समाख्या सोसाईटी की अध्यक्ष सोनिया देवी द्वारा तीन राशन कार्डधारियों पर धुरकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। गांव निवासी विवेक कुमार ने भी डीलर पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में उनकी मां चिंता देवी जब राशन लेने गई थीं, तो उनके साथ मारपीट की गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाये जाने पर डीलर का लाईसेंस रद्द किया जाय तथा किसी अन्य डीलर का चयन किया जाय। पक्ष जानने पर महिला समाख्या सोसाईटी की जनवितरण प्रणाली की संचालक सोनिया देवी ने सभी आरोपों को निराधार और गलत बताया है। वहीं डीएसओ देवानंद राम ने बताया कि ग्रामीणों का आवेदन प्राप्त हुआ है। डीलर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और जांच में आरोप सही पाये जाने पर अनुज्ञप्ति रद्द करते हुये नियमसंगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### डीसी के निर्देश पर एसडीओ के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय टीम ने की क्वेश्चन पेपर रखने संबंधित मामले की जांच

# जांच रिपोर्ट डीसी को सौंपी जायेगी : एसडीओ

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** एसबीआई की नगर ऊंटारी शाखा में मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा के क्वेश्चन पेपर सामान्य और खुले कमरे में रखे जाने के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद डीसी के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया था। इसी क्रम में एसडीओ प्रभाकर मिर्धा एवं डीईओ कैसर रजा ने बुधवार को एसबीआई शाखा पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। जांच के दौरान बैंक परिसर, संबंधित कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था और नियमों के अनुपालन से जुड़े कई बिंदुओं की पड़ताल की गई। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने बताया कि डीसी साहब के



निर्देश पर जांच की गई है और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर डीसी साहब को समर्पित की जायेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब है कि एसबीआई नगर ऊंटारी शाखा में मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा का क्वेश्चन पेपर एक ऐसे कमरे में रखा गया था, जहां सामान्य रूप से बैंक कर्मियों का आना-जाना लगा रहता है। जबकि नियमानुसार प्रश्नपत्रों को मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की मौजूदगी में बैंक के स्ट्रॉन्ग रूम में सील कर सुरक्षित रखा जाना चाहिये। इस लापरवाही से क्वेश्चन पेपर की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गये थे। विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षा तिथि के दिन मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की निगरानी में ही स्ट्रॉन्ग रूम से पेपर निकालकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया जाता है। नियमों के उल्लंघन की सूचना मिलने के बाद यह मामला प्रशासनिक स्तर पर पहुंचा। इस संबंध में बैंक के सीनियर मैनेजर सरोज केशरी ने सफाई देते हुये कहा था कि जिस कमरे में क्वेश्चन पेपर रखा गया है, उसमें स्टेशनरी का सामान भी रखा रहता है, इस कारण कमरे को खोला जाता है। सुरक्षा नियमों का पालन किया जा रहा है। वहीं एसडीओ ने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में लापरवाही सामने आती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)